गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग मे नवप्रवेशी छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 9 अक्टूबर 2023 को गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग में बी॰पी॰एड एवं एम॰पी॰एड के छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर सी एस वजलवार, शारीरिक शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजीत सरदार, विभाग के वरिष्ठ शिक्षक एवं विशेष कर्तव्य अधिकारी विकास शाखा प्रोफेसर बिशन सिंह राठौड़, प्रोफेसर रत्नेश सिंह, समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ॰ भोज राम रावटे ने छात्रों को संबोधित करते हुए छात्रों से संबन्धित सभी योजनाओ के बारे में जानकारी दी। उसके बाद विभाग के अकादमिक इंचार्ज प्रोफेसर रत्नेश सिंह ने छात्रों को समय सारणी, कक्षाओं (थ्योरी एवं प्रैक्टिकल क्लासेस) के बारे में अवगत कराया। प्रोफेसर बिशन सिंह राठौड़ ने विभाग की विश्वविद्यालय में पहचान एवं उसके महत्व को ध्यान में रखकर छात्रों को अनुशासित रहने के लिए कहा। तत्पश्चात विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजीत सरदार ने विभाग में सारी सुविधाओं एवं विभाग से संबन्धित सभी गतिविधियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया। अंत में प्रोफेसर सीएस वजलवार अधिष्ठाता शिक्षा संकाय के द्वारा छात्रों को उनके कर्तव्य एवं उद्देश्य के बारे मे याद दिलाते हुए छात्रों को नियमित एवं अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ॰ महेश सिंह धपोला एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर शालिनी मेनन सहायक प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षण विभाग के द्वारा किया गया।

DEEPAK

प्रो. संजीत सरदार

विभागाध्यक्ष